दिन–शुक्रवार  दिनांक– 05 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने पुल गिरने की घटनाओं के मामले में दो कार्यपालक अभियंताओं समेत पन्द्रह अभियंताओं को निलंबित किया।

02. प्रदेश में बड़े पैमाने पर पुल गिरने की घटनाओं को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप हुआ तेज।

03. लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अन्तर्गत तीन हजार छह सौ करोड़ रूपये के टेंडर निरस्त। पहले भी रद्द की जा चुकी है आठ सौ छब्बीस करोड़ रूपये की निविदाएं।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत।

———————————————————————

राज्य सरकार ने पुल गिरने की घटनाओं के मामले में पन्द्रह अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। इसमें जल संसाधन विभाग के ग्यारह और ग्रामीण कार्य विभाग के चार अभियंता शामिल हैं। सीवान बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के दो कार्यपालक अभियंताओं के साथ–साथ चार सहायक अभियंता और पांच कनीय अभियंताओं पर निलम्बन की कार्रवाई की गयी है। साथ ही दो अभियंताओं से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद ने बताया कि नौ पुल–पुलिया ध्वस्त हुये है, जिसमें छह पुराने और तीन निर्माणाधीन थे। श्री प्रसाद ने कहा कि जांच में पाया गया कि संबंधित अभियंताओं ने पुल–पुलिया को सुरक्षित रखने के लिए एहतियातन कदम नहीं उठाये और समुचित तकनीकी पर्यवेक्षण नहीं किया। साथ ही कार्यकारी संवेदक के स्तर पर भी लापरवाही बरती गयी।

———बाईट———

विकास आयुक्त ने कहा कि मामले की जांच चल रही है और दोषी संवेदकों से पूरी राशि वसूली जायेगी।

———————————————————————

प्रदेश में बड़े पैमाने पर पुल गिरने की घटनाओं पर आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों में राज्य में बारह पुल गिर चुके हैं जो भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। पटना में

संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जो पुल गिरे हैं उसका निर्माण उस समय हुआ जब ग्रामीण कार्य विभाग जदयू के पास था।

———बाईट———

इस बीच, केन्द्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव को सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें पुल गिरने के मामलों पर जवाब देना चाहिए क्योंकि वे डेढ़ साल तक ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री रहे थे।

———बाईट———

इधर, केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवानी चाहिए।

———बाईट———

केन्द्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में पुल गिरने की घटना नहीं हो।

———बाईट———

————————————————————————————

राज्य सरकार ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अन्तर्गत तीन हजार छह सौ करोड़ रूपये के टेंडर को निरस्त कर दिया है। इससे पहले आठ सौ छब्बीस करोड़ रूपये की निविदा को रद्द कर दिया गया था। विभागीय मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने बताया कि महागठबंधन सरकार के दौरान निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी मिली थी, जिसे संशोधित किया जा रहा है।

———बाईट———

————————————————————————————

नीट–पीजी प्रवेश परीक्षा दो हजार चौबीस ग्यारह अगस्त को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। नेशनल बोर्ड ऑफ एक्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने आज परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी किया। इस परीक्षा को पिछले महीने परीक्षा की निर्धारित तिथि से एक दिन पहले स्थगित कर दिया गया था। यह निर्णय प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता को लेकर लगे आरोपों को ध्यान में रखते हुए लिया गया था।

————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को पार्टी का बिहार प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही दीपक प्रकाश सह प्रभारी बनाये गये हैं। वहीं, नितिन नवीन को छत्तीसगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है।

———————————————————————

बिहार विधान परिषद के नवनिर्वाचित विधान पार्षद भगवान सिंह कुशवाहा को आज शपथ दिलाई गयी। परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने श्री कुशवाहा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

———————————————————————

प्रदेश भाजपा की ओर से बिहार कोटे से केन्द्र में मंत्री बनाये गये सांसदों का आज पटना में अभिनंदन किया गया। समारोह में केन्द्रीय गिरिराज सिंह, जीतन राम मंझी, ललन सिंह, नित्यानंद राय, रामनाथ ठाकुर, राज भूषण चौधरी और सतीश चन्द्र दुबे शामिल हुये। सभी केन्द्रीय मंत्रियों ने बिहार के विकास का संकल्प दोहराया।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीवान जिले के बड़हरिया में सबसे अधिक चौरानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, किशनगंज में नवासी और जमुई के गिद्धौर में बयासी दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की सम्भावना बनी हुई है। वहीं, किशनगंज और मधेपुरा समेत हिमालय की तलहटी वाले जिलों में तथा पटना और गया जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

इधर, आज बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गयी। जहानाबाद और बेगूसराय में तीन–तीन तथा वैशाली में एक व्यक्ति की मौत की खबर है।

———————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश में हो रही बारिश के चलते कोसी, गंडक, बागमती और अधवारा समूह की नदियां उफान पर है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त

जानकारी के अनुसार कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से पन्द्रह सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से पच्चीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, गंडक नदी रेवा घाट और डुमरिया घाट पर जबकि बागमती नदी बेनीबाद में चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है। कमला बलान का जलस्तर झंझारपुर में लाल निशान से मात्र चौवालीस सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया। अधवारा समूह की नदी दरभंगा के कमतौल में चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है।

———————————————————————

इधर, नदियों में उफान के चलते प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है। भागलपुर जिले के खरीक प्रखंड में कोसी नदी के उफान पर रहने के चलते भीषण कटाव हो रहा है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

भागलपुर जिले के खरीक प्रखंड के सिंहकुंड गांव में कोसी नदी के कटाव के कारण दस घर नदी में समा गये। वहीं, दर्जनों घर कोसी के मुहाने पर हैं, जो कभी भी कटाव की चपेट में आ सकते हैं। कटाव पीड़ितों ने बताया कि अब तक स्थानीय प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करायी गयी है। खरीक के अंचलाधिकारी अनिल भूषण ने बताया कि पीड़ित परिवारों को चिन्हित करने का राजस्व कर्मचारी को निर्देश दिया गया है। जल्द ही प्रभावित परिवारों को सरकारी प्रावधान के अनुसार सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर विनोद कुमार।

इधर, सीतामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया कि झीम नदी का जलस्तर कम होने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ के पानी में कमी आई है। बावजूद इसके लोगों की परेशानियां कम होती नहीं दिख रही है।

–––बाईट–––

सीतामढ़ी जिले के परिहार के परवाहा–लालबंदी पथ में लहुरियां बाजार के पास बाढ़ के पानी से मुख्य सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है। इससे वाहनों का परिचालन प्रभावित है। सुरसंड में मरहा नदी के पानी के कारण दो सौ बीघा खेत में लगी सब्जी की फसल पूरी तरह नष्ट हो गयी। वहीं, राधाउर मोड़ जाने वाली सड़क पर बाढ़ के पानी के कारण जगह–जगह गड्ढे हो गये है, जिससे आवागमन बाधित हो गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

दरभंगा से हमारे संवाददाता ने बताया कि कमला बलान नदी का पानी कुशेश्वरस्थान प्रखंड के कई निचले इलाकों में फैल गया है।

–––बाईट–––

कुशेश्वरस्थान प्रखंड के इटहर पंचायत के चौकिया, लक्ष्मीनिया, विशुनिया, जिमराहा और उजुआ सिमरटोका पंचायत के गईजोरी गांव बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। इन गांवों के लोगों के लिए नाव ही आवागमन का एक मात्र साधन बचा है। आपदा प्रबंधन विभाग के अपर समाहर्ता सलीम अख्तर, प्रखंड विकास पदाधिकारी किशोर कुमार और कुशेश्वरस्थान के अंचलाधिकारी राकेश कुमार सिंह यादव समेत प्रशासन के वरीय अधिकारियों ने कमला बलान और कोसी नदी के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति अभी नियंत्रण में है और बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

समस्तीपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि भारी बारिश के कारण जिले से होकर गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में उफान से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

———बाईट———

जिले के बिथान प्रखंड से होकर गुजरने वाली कोसी, कमला और करेह नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि इसी तरह इन नदियों का जलस्तर बढ़ता रहा तो प्रखंड क्षेत्र के सलहा चंदन पंचायत के तीन गांव के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने की आशंका है। इधर, जल संसाधन विभाग के अभियंता तटबंधों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। साथ ही बाढ़ निरोधात्मक कार्य भी जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

———————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल आज अपना अट्‌ठाइसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर पार्टी के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में समारोह आयोजित किया गया।

———————————————————————

महान समाजवादी नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान की अठहत्तरवीं जयंती पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। हाजीपुर में केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रामविलास पासवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————

पटना के पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी चौराहे के पास एक तेज रफ्तार कार ने दो मोटरसाईकिल सवार पांच लोगों को कुचल डाला। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। दो घायलों का इलाज चल रहा है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले की एक अदालत ने हत्या के मामले में दो आरोपियों अजीत कुमार और मुकेश सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर पचास–पचास हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. राज्य सरकार ने पुल गिरने की घटनाओं के मामले में दो कार्यपालक अभियंताओं समेत पन्द्रह अभियंताओं को निलंबित किया।

02. प्रदेश में बड़े पैमाने पर पुल गिरने की घटनाओं को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप हुआ तेज।

03. लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अन्तर्गत तीन हजार छह सौ करोड़ रूपये के टेंडर निरस्त। पहले भी रद्द की जा चुकी है आठ सौ छब्बीस करोड़ रूपये की निविदाएं।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।